अपनी नई बिल्ली को परिवार में रचाना-बसाना

RSPCA
New South Wales

धीरे-धीरे और नरमी से अपनी बिल्ली को व्यापक किस्म के अनुभवों से अवगत कराना उन्हें अपने नए घर में सफलता के लिए संस्थापित करने की मुख्य कुंजी है। धीरे-धीरे आप अपनी बिल्ली का लोगों, अन्य पालतू जीवों और आपके घर में चल रही रोजमर्रा की गतिविधियों से घुलना मिलना बढ़ा सकते हैं।

खाना खिलाने और साफ-सफाई की निश्चित समय-तालिका का पालन करते हुए एक सकारात्मक सम्बंध का आधार तैयार करें, और अपने घर को शांति एवं खामोशी से भरा रहने दें। अपनी नई बिल्ली के साथ सभी अभिक्रियाएं सम्मानपूर्ण रहने दें; आप उन्हें उनके ऊपर जितना नियंत्रण देंगे वे उतना ही सुरक्षित और आत्मविश्वासपूर्ण महसूस करेंगी।

पहली रात

पहला प्रभाव महत्वपूर्ण होता है। अपनी बिल्ली को यह जताएं कि उनका नया घर सुरक्षित है और उनकी जरूरत के सारे सामान मौजूद हैं। एक ऐसी शांत जगह तैयार करें जिसे आपकी बिल्ली उसे अपनी जगह कह सके और जिसमें सभी बुनियादी चीजें (भोजन, पानी, खिलौने, छिपने के स्थान, बिछावन, ऊपर चढ़ सकने की जगह, खरोंचने के लिए खंभा और लिटर ट्रेज़) रखी हों।

बिल्लियों को परिचित चीजों से घिरा रहना पसन्द है, जैसे कम्बल या खिलौने जिनमें उनकी गंध हो, और सुपरिचित भोजन; इसलिए उनके बसने में सहायता के तौर पर कुछ परिचित चीजें साथ लाएं।

यदि वे भोजन न करना चाहें और अपने छिपने के स्थान से बाहर न निकलना चाहें तो उन्हें जो मन है करने दें लेकिन नियमित रूप से उनकी निगरानी करते रहें।

यह प्रोजेक्ट NSW गवर्नमेंट के इन्वायरनमेंटल ट्रस्ट (Environmental Trust) के माध्यम से सहायता-प्राप्त है।

घर में रहने की शुरुआत

कुछ दिनों के बाद, अपनी नई बिल्ली को अपने घर के अन्य हिस्सों से परिचित कराएं। उन्हें अपनी गति से काम करने दें और उन्हें ढेर सारी आरामदेह जगह छिपने के लिए दें ताकि जरूरी होने पर वे आराम कर सकें। भोजन इधर-उधर बिखेर देने से उन्हें बहलाकर अपने छिपने के स्थान से बाहर निकालने में मदद मिल सकती है।

हो सकता है कि आपकी बिल्ली केवल आपको देखना और आपके साथ रहना चाहे, लेकिन यह भी ध्यान दें कि क्या आपकी बिल्ली खेलना चाहेगी, या उसे थपथपाया या स्पर्श किया जाना पसन्द होगा – उनकी पहल का अनुसरण करें! बेहतर यह है कि लोग थोड़ी-थोड़ी देर के लिए किंतु नियमित रूप से उन पर ध्यान दें।

ज्यादातर बिल्लियों को चिपट कर दुलार कराना या उनके शरीर के संवेदनशील अंगों (जैसे: कान, पंजों, पूंछ और पीठ) को छुआ जाना पसन्द नहीं है।

उनके गाल, ठुड्डी या माथे के अगले हिस्से को छूकर कुछ सेकेंड के लिए दुलार कीजिए। यदि वे आपको हल्का धक्का दें तो उन्हें और दुलार चाहिए। यदि वे वहां से चली जाएं तो जबरदस्ती न करें, उन्हें अपने आप में रहने दें। अपनी बिल्ली को अभिक्रियाओं का नियंत्रण करने दें ताकि उनका भरोसा और आत्मविश्वास बढ़ सके।

क्या आपकी बिल्ली घबरा रही है?

फेरोमोन स्प्रे या डिफ्यूज़र्स आपकी बिल्ली को शांत रहने में मदद दे सकते हैं। आपको कैसे पता चलेगा कि वे शांत हैं या घबराई हुई? उनके शरीर के संकेतों को समझें। यदि आपकी बिल्ली का शरीर तनावग्रस्त है, उनके कान पीछे की ओर मुड़े हुए हैं और वे अपनी पूंछ ऊपर-नीचे हिला रही हैं, तो हो सकता है वे आपको यह बताना चाह रही हों कि वे तनाव में हैं। इसलिए उन्हें थोड़ा मौका दें और जल्दबाजी न दिखाएं।

घर का विस्तार

जब आपकी बिल्ली धीरे-धीरे बसना शुरु कर दे और अपने नए घर में आत्मविश्वास से रहने लगे तो आप अपने अन्य पालतू जनवरों, मित्रों और परिवार के लोगों से उन्हें परिचित करा सकते हैं। फिर से याद रखें, अपनी बिल्ली की पहल का अनुसरण करें, उनकी बॉडी लैंग्वेज़ (शारीरिक इशारों) को समझें और उन्हें अपनी अभिक्रिया आरंभ और नियंत्रित करने दें।

कोई भी बदलाव धीरे-धीरे लागू करें। उदाहरण के लिए, यदि आप उनके भोजन में कोई बदलाव ला रहे हों तो धीरे-धीरे 7 दिनों में यह बदलाव लाएं।

बसने के लिए थोड़ा समय लगना खास तौर पर तब और ज्यादा महत्वपूर्ण होता है जब आप किसी नए बिलौटे को घर ला रहे हों, क्योंकि वे हर चीज का अनुभव पहली बार कर रहे होते हैं। जब बिलौटे 2 से 7 सप्ताह की उम्र के हों तो उनकी कोमलता से सार-संभाल बहुत जरूरी है ताकि भविष्य में उन्हें लोगों के साथ भावात्मक सम्बंध बनाने में मदद मिल सके।

कोमलतापूर्ण सार-संभाल, दोस्ताना व्यवहार और उनके आराम के लिए उन्हें समय देने, उनपर नजर रखने से आपकी बिल्ली शीघ्र ही आपके नए घर में रच-बस जाएगी।

और अधिक जानकारी, प्रोत्साहन, प्रेरणा तथा अपनी बिल्लियों को घर पर सुरक्षित रखने वाले बिल्ली-प्रेमियों के हमारे समुदाय में साइन-अप करने के लिए हमारी वेबसाइट देखें।

rspcansw.org.au/keeping-cats-safe

RSPCA New South Wales

NSW GOVERNMENT